संदर्भ शर्तें (टीओआर)

परामर्शदाता- वित्त (पीएम-एबीएचआईएम), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर उपर्युक्त उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

उत्तरदायित्व:

- संस्थानों से व्यय विवरण (एसओई) और अन्य वित्तीय रिपोर्ट प्रस्तुत करने संबंधी निगरानी करना, उनका विश्लेषण करना और धन आवंटन, निर्गम और व्यय के रुझानों पर प्रतिक्रिया देना।
- सांविधिक लेखापरीक्षा प्रक्रिया, समेकित लेखापरीक्षा रिपोर्टों और उपयोगिता प्रमाण पत्रों की समय पर प्राप्ति की निगरानी करना, उसकी जांच करना और संस्थानों से इनके अनुपालन संबंधी सूचना प्राप्त करना।
- वास्तविक व्यय और निधि की स्थिति को दर्शाने के लिए अद्यतन लेखांकन और रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वयन संस्थाओं के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- आंकड़ा समेकन, तिमाही और वर्ष-वार वित्तीय एमआईएस रिपोर्ट तैयार करना और आवंटन, निर्गत और व्यय के संदर्भ में तुलनात्मक विवरण की निगरानी करना।
- सभी के लिए केंद्रीकृत निधि अंतरण डेटा-बेस के लिए कोष मार्ग (ट्रेजरी रूट), वेबसाइट अद्यतन और अनुरक्षण के माध्यम से संस्थान/कार्यान्वयन एजेंसियों को निधियों के इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण की सुविधा प्रदान करना।
- विभिन्न घटकों के लिए घटक-वार निधि उपयोगिता संबंधी आंकड़ों का संकलन।
- कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने के लिए सहायता और व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना।
- संबंधित मामलों पर लेनदारों की वित्तीय प्रबंधन टीम के साथ समन्वय।
- समय-समय पर संसदीय प्रश्नों/समितियों, आरटीआई, वीआईपी संदर्भ, सीएजी और डीजीएसीई लेखापरीक्षा आदि के संबंध में जानकारी और समर्थित आंकड़े उपलब्ध कराना।
- समय-समय पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा सौंपे गए कोई अन्य कार्यकलाप/कार्य करना।

आवश्यक योग्यता/अपेक्षाएं:

- किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एमबीए (वित्त)/वाणिज्य/लेखा/पीजीडीबीएम/पीजीडीबीए (वित्त) में मास्टर डिग्री
- सरकारी क्षेत्र में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव, जिसमें पीएफएमएस तैयार करना, लागू करना और बाहरी एजेंसियों और अन्य सरकारी विभागों के साथ समन्वय सहित बजट और वित्त संबंधी कार्यों को संभालना शामिल है।
- भारत सरकार और राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं में काम करने का अनुभव
- पीएफएमएस और कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान।

संविदा अवधि:

एक शॉर्टलिस्टिंग प्रक्रिया जिसमें चयनित आवेदकों का वैयक्तिक साक्षात्कार भी शामिल है, के पश्चात आवेदकों को प्रारंभ में 1 वर्ष के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर अनुबंधित करने के लिए विचार किया जाएगा, जिसे संतोषजनक कार्य निष्पादन पर अधिक से अधिक योजना की अवधि तक बढ़ाया जा सकता है।

पद की संख्या: एक
स्थान: दिल्ली
अन्य शर्तें: भारत सरकार/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा विद्यमान शर्तें
आयु सीमा: अधिकतम 45 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को)

पारिश्रमिक: 60,000/- रुपये प्रति माह
आवेदन कैसे करें : उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **09 Aug 2023** है।

****